# एक नजर

## चिराग पासवान, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री और अंगशु मलिक ने 'किस्से कुछ खास का विमोचन किया




**नई दिल्ली :** इंडिया की अग्रणी फूड FMCG कंपनियों में से एक, एडल एग्री बिजनेस लिमिटेड (पूर्व में अदानी विलमर लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध) ने अपनी कॉफी टेबल बुक ह्यकि स्से कुछ खासह्व का सफलतापूर्वक लोकार्पण किया। इस पुस्तक की रचना पद्मश्री सम्मानित और विख्यात खाद्य इतिहासकार प्रो. पुष्पेश पंत द्वारा की गई है। इस पुस्तक का अनावरण माननीय केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान एवं एडल एग्री बिजनेस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अंगशु मलिक द्वारा, सेलिब्रिटी शेफ कुणाल कपूर की गरिमामयी उपस्थिति में, वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दौरान, भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया गया। वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में ह्यकिस्से कुछ खासह्व का लॉन्च कोहिनूर की भारत की पाक विरासत का जश्न मनाने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कहानियों, इतिहास, अनुष्ठानों और प्रामाणिक व्यंजनों के संयोजन से, यह पुस्तक एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के भारतीय व्यंजनों की कालातीत परंपराओं को संरक्षित और बढ़ावा देने के मिशन को मजबूत करती है। इस पहल के साथ, कोहिनूर ने न केवल प्रीमियम बासमती चावल में एक विश्वसनीय नाम के रूप में अपनी विरासत का सम्मान किया, बल्कि खाद्य प्रेमियों, इतिहासकारों और सांस्कृतिक उत्साही लोगों को भारत के सबसे प्रिय अनाजों में से एक के पीछे की कहानियों और स्वादों को फिर से खोजने के लिए भी आमंत्रित किया।